देश के 10 तकनीकी संस्थानों में जगह बनाने का होगा प्रयासः प्रो. पीके जैन

संस्थान को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पुरातन छात्रों की ली जायेगी मदद

वाराणसी (एसएनबी)। आईआईटी बीएचयू के नवनियुक्त निदेशक प्रो. पीके जैन ने कहा कि दुनिया के 100 व देश के 10 तकनीकी संस्थानों में जगह बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों कर्मचारियों व विद्यार्थियों को सहयोग करना होगा। प्रो. जैन सोमवार को संस्थान में पत्रकार वार्ता में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि समाजपयोगी अविष्कार के साथ ही स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि आज यह सबसे बड़ी जरूरत है कि तकनीकी शिक्षण संस्थानों में जो कुछ भी हो रहा है वह समाज के लिए उपयोगी हो। प्रयास होगा कि युवा जॉब करने वाले ही नहीं बल्कि जॉब देने वाले बने।

प्रो. जैन ने कहा कि संस्थान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दक्षता साबित करनी होगी। इसके लिए शोध, शिक्षण तथा अविष्कार की जरूरत होगी। स्टार्टअप को विकसित करने पर विशेष फोकस किया जाएगा। अब तकनीकी शिक्षा वैश्विक हो चुकी है। इस स्थिति में हम कितना जानते हैं से ही काम नहीं बनेगा बल्कि इसे सिद्ध करना होगा। तकनीकी युवाओं को अपनी क्षमता तथा ज्ञान को समाज के समाने प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि बीते चार साल से रैकिंग शुरू हुई है। इसके लिए शैक्षणिक वातावरण के साथ आधारभूत संरचना पर भी गौर किया जाता है। इस लिए अपनी छवि को भी बनाना रैकिग के लिए महत्वपूर्ण है। प्रो. जैन ने कहा कि संस्थान को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पुरातन छात्रों की भी मदद ली जाएगी। आईआईटी बीएचयू का पुरातन छात्र सेल बहुत ही विशाल है। महाना की दृष्टि के अनुसार छात्र-छात्राओं को मूल्य परक शिक्षा देने तथा नैतिक बल प्रदान करने की दिशा में काम किया जाएगा। इस अवसर पर आईआईटी के रजिस्ट्रार एसपी माथुर, प्रो. गंगा राम, प्रो. आरएस सिंह उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहारा – 07.08.2018